**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि खसरा संख्या-1447 ग्राम-काकोरी, तहसील-सदर, जनपद-लखनऊ की भूमि पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज नामांकित व्यक्ति ही काबिज है? | जी नहीं। |
| (ख) यदि नहीं, तो उक्त राजस्व अभिलेखों में दर्ज नामांकित व्यक्तियों को कब तक कब्जा दिला दिया जायेगा? | ग्राम-काकोरी की खाता सं0-01152 के गाटा सं0-1447, रकबा-0.114 हे0 पर बतौर संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार अंकित शीतला प्रसाद व रामू पुत्रगण मेवालाल तथा श्रीमती रजाका पत्नी स्व0 मेवालाल निवासीगण हाता हजरतसाहब, कस्बा काकोरी का कब्जा नहीं है क्योंकि गाटा सं0-1447 दो खातो में विभाजित है, जिसका कोई विधिक बटवारा नही हुआ है तथा सजरा, खतौनी में अंकित रकबे से कम बना हुआ है।<br>प्रकरण में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा-30 के अन्तर्गत भूचित्र दुरूस्तीकरण का वाद योजित कर अनुतोष प्राप्त किया जा सकता है। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ0प्र0।